**खबर संक्षेप**

### बाइक की टक्कर से ढाबे के कर्मचारी की मौत

**गुरुग्राम।** बिलासपुर एरिया में बिनौला फ्लाईओवर के निकट तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से ढाबा कर्मी की मौत हो गई। ढाबा कर्मी बीती 3 अप्रैल की सुबह पैदल बिलासपुर चौक की ओर जा रहा था। पुलिस को दी शिकायत में पटौदी के जगदीश ने कहा कि उसका छोटा भाई 40 वर्षीय राजू गांव बिनौला में किसी ढाबा पर काम करता था। बीती 3 अप्रैल की सुबह करीब 11 बजे राजू पैदल बिलासपुर चौक की ओर जा रहा था। बिनौला फ्लाईओवर के निकट एक तेज रफ्तार बाइक ने राजू को टक्कर मार दी।

### पिता का परिचित बनकर युवक से 35 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम साउथ एरिया में जालसाज ने पिता का परिचित बनकर युवक से 35 हजार रुपए ठग लिए। मारुतिकुंज में रहने वाले गोकुल चंद्र जोशी ने कहा कि बीती 14 जनवरी को उसके पिता रमेश चंद्र पर एक कॉल आई। जिसमें कॉलर ने उनका जानकार बताया और कहा कि उसके मोबाइल से यूपीआई पेमेंट नहीं हो रही है। वह 35 हजार रुपए उनके अकाउंट में भिजवा रहा है। जिसको ट्रांसफर करने के लिए उसने यूपीआई नंबर भी दिया। वहीं कॉलर ने 35 हजार रुपए क्रेडिट करने का एक फेक मैसेज गोकुल के भाई के पास भेजा। जिसे उसके पिता ने चेक नहीं किया और गोकुल को 35 हजार रुपए ट्रांसफर करने के आदेश दिए। सांय को गोकुल ने 35 हजार रुपए यूपीआई के जरिए भेज दिए। जिसके बाद उन्हें पता चला कि उनके साथ ठगी हो गई है।

### बंधवाड़ी कचरा निस्तारण प्लांट में आग लगी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के बंधवाड़ी में रविवार दोपहर कूड़ा निस्तारण प्लांट के कूड़े में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां मौके पर भेजी गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल कूड़े के ढ़ेर से धुआं अभी भी निकल रहा है। फायर ऑफिसर जयनारायण ने बताया कि दोपहर करीब 12.30 बजे कूड़ा प्लांट के कर्मचारियों ने फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी। इकसे बाद दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

### बाइक पर स्नैचिंग करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच ने बाइक पर सवार होकर चेन झपटने की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को फर्रुखनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से एक बाइक बरामद की है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है। दो अप्रैल को थाना सेक्टर-9ए में एक महिला ने दी शिकायत में बताया कि एक अप्रैल को एक युवक उसकी सोने की चेन झपटकर अपने साथी की बाइक पर बैठकर भाग गया। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मोहित निवासी नजदीक सुल्तानपुर मोड फर्रुखनगर और ललित उर्फ लुक्कड़ निवासी काला महादेव मोहल्ला फर्रुखनगर के रूप में हुई है। आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड जांचने पर पता चला कि आरोपी ललित पर हत्या के प्रयास करने के तहत एक मामला झज्जर में पहले से दर्ज है।

# बब्बर खालसा का अजीमगढ़ चौकी पर ग्रेनेड हमले का दावा, पुलिस बोली-आतंकवादी संगठन का प्रोपेगैंडा

**बब्बर खालसा ग्रुप ने सोशल मीडिया पर लिखा चौकी में जो ग्रेनेड हमला हुआ, उसकी जिम्मेदारी मैं लेता हूं...**

**पटियाला के एसपी ने किया दौरा, कैथल के पुलिस अधिकारी भी चौकी का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे**

- पुलिस चौकी में रविवार ग्रेनेड हमले की अफवाह से सनसनी फैल गई
- अफवाह के बाद अलर्ट पर पुलिस प्रशासन
- सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट की जांच में जुटा साइबर सेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका/कैथल

जिले में पंजाब बॉर्डर से सटी अजीमगढ़ पुलिस चौकी में रविवार ग्रेनेड हमले की अफवाह से सनसनी फैल गई। पहले तो इस सूचना की अफवाह से पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया और मौके पर कई वरिष्ठ अधिकारी पहुंच गए। हालांकि बाद में यह सूचना सही नहीं मिली, जिससे पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

बता दें कि रविवार सुबह के समय सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुई। इसमें बब्बर खालसा ग्रुप ने सुबह करीब चार बजे सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हुए लिखा वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह आज सुबह करीब चार बजे हरियाणा की अजीमगढ़ चौकी में जो ग्रेनेड हमला हुआ, उसकी जिम्मेदारी मैं लेता हूं... इन जालिमों को इसी तरह से जवाब दिया जाएगा।

इस पोस्ट के वायरल होने की सूचना मिलने के बाद पंजाब के पटियाला के एसपी योगेश शर्मा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं, कैथल पुलिस के उच्च अधिकारियों ने भी चौकी का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया। वहीं, पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही पोस्ट की गहन जांच शुरू कर दी है और साइबर सेल को सतर्क कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, यह देश की एकता और शांति को भंग करने की साजिश हो सकती है। बब्बर खालसा जैसे आतंकवादी संगठनों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अफवाह के बाद पुलिस और प्रशासन ने आमजन से शांति बनाए रखने और किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न देने की अपील की है।



गुहला-चीका। अजीमगढ़ की पुलिस चौकी के बाहर बैठे पुलिस कर्मचारी।

**चौकी पर ग्रेनेड हमले की सूचना अफवाह**

चौकी प्रभारी दलबीर सिंह ने बताया कि चौकी में ग्रेनेड हमले की सूचना अफवाह है। उन्होंने बताया कि चौकी पर कोई ग्रेनेड हमला नहीं हुआ है । सोशल मीडिया पर फैलाए गए भ्रामक संदेशों की पुलिस जांच कर रही है।

### कार ने डेढ़ वर्षीय बच्ची को रौंदा, रोहतक पीजीआई रेफर

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद में एक मकान के बाहर खेल रही डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची गाड़ी की चपेट में आ गई। बच्ची की हालत गंभीर है। वह पीजीआई रोहतक में भर्ती है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर आरोप लगाया है। आसौदा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- घर के बाहर खेल रही थी बच्ची, केस दर्ज

पुलिस को दी शिकायत में गांव के निवासी रिंकू ने कहा है कि गत चार अप्रैल की सुबह उसकी डेढ़ वर्षीय बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान गली में तेज रफ्तार से एक कार आई। आरोपी चालक ने अपनी कार मेरी बेटी पर चढ़ा दी और मौके से फरार हो गया। बच्ची की चीख की आवाज सुनकर हम तुरंत वहां गए। आनन फानन में उसे अस्पताल ले गए। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दी गई। आरोपी चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। उधर, पुलिस ने रिंकू की शिकायत के आधार पर गांव के ही एक युवक पर संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# अमेरिका का वर्क वीजा व नौकरी लगवाने के नाम पर 20 लाख ठगे

- पुलिस ने मोहाली के दंपति सहित 24 के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यूएसए में वर्क वीजा व नौकरी दिलवाने का झांसा देकर युवक से 20 लाख रुपये ठग लिए गए। पुलिस ने मोहाली निवासी दंपति समेत 24 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव अलाहर निवासी अतुल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता उसे वर्क वीजा पर यूएसए भेजना चाहते थे। इसलिए पिछले साल जुलाई में वह अपने पिता के साथ पंजाब के मोहाली स्थित माइग्रेसन सर्विस के एक कार्यालय में पहुंचे। यह कार्यालय रुद्राक्ष नाम से चल रहा था। इस कार्यालय के मालिक राकेश रिक्खी व उनकी पत्नी प्रभा थी। इसके अलावा कार्यालय से जुड़े बलविंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, शेरखान, नैन्सी ठाकुर, मनिक, रुद्र, जशनप्रीत सिंह, रूही शर्मा, इंद्रजीत सिंह, अहमद, एकता, दीपक अरोड़ा, रजनी, मनोज, मनराज, सिमरजीत सिंह, मोहित शर्मा, अमनदीप सिंह व अन्य पर केस दर्ज किया है।

**पैसे लौटने से किया इनकार**

आरोप है कि इन्होंने यूएसए का वर्क वीजा व वहां पर एक कंपनी में नौकरी लगवाने का वादा किया था। इस काम के लिए 20 लाख 30 हजार रुपये मांगे गए। जो रुपये उन्होंने इनके द्धरा जब जब मांगे गए इनके बताए खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। साथ ही पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज भी दे दिए। यह सारा रुपया पिछले साल अगस्त में ही दे दिया था लेकिन इसके बाद उक्त कार्यालय से जुड़े लोगों ने न तो वीजा ही दिया और न ही रुपये लौटाए। पैसे मांगने पर सिर्फ टालमटोल करते रहे। परेशान होकर उसने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक को दी। पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए। बाद में पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**रेवाड़ी की घटना पुलिस अधिकारी बोले- दोनों आपस में रिश्तेदार**

# महिला ने एसपीओ से की मारपीट वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

कस्बा बावल में शनिवार शाम एक एसपीओ को अश्लील गालियां देते हुए मारपीट करते हुए महिला व एसपीओ का वीडियो जमकर वायरल हुआ है। दोनों ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराए जाने के कारण पुलिस ने भी एक्शन लेने से किनारा कर लिया है।

वायरल वीडियो में सिक्योरिटी गार्ड की ड्रेस में एक महिला एसपीओ को थप्पड़ मारकर ऐसी अश्लील गाली निकाल रही है, जिसे निकालने में सभ्य पुरुष भी बचते हैं। थप्पड़ खाने के बाद एसपीओ महिला को बुरा-भला कहते हुए एक ईको कार में बैठ लेता है, लेकिन महिला कार में भी उसके साथ हाथापाई करती है। इसके बाद एसपीओ कार से उतरकर पिंड छुड़ाने का प्रयास करता है। महिलाएं गालियां निकालते हुए उसका पीछा करती है। उसकी बेल्द खींचने का प्रयास करती है। बाजार के लोग इस घटनाक्रम का जमकर लुत्फ उठाते हुए नजर आ रहे हैं। कार में बैठने के बाद भी महिला एसपीओ को थप्पड़ जड़ती है।


रेवाड़ी। सड़क पर एसपीओ को पीटती महिला।

**पुलिस ने किया एक्शन लेने से किनारा :** एसएचओ संजय कुमार के अनुसार महिला एसपीओ की रिश्तेदार है। दोनों के बीच फोन पर बातचीत के दौरान विवाद हो गया था। इसके बाद महिला ने बीच-बाजार उसकी पिटाई कर दी। चूंकि दोनों ही ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई, इसलिए पुलिस ने इस मामले में कोई एक्शन नहीं लिया है। अगर शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## बीस दिन तक केस दर्ज न करने पर एसएचओ सहित तीन कर्मचारी सस्पेंड

**गुरुग्राम।** बीस दिन बाद तक बाइक चोरी की एफआईआर दर्ज नहीं करने पर पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा ने आईएमटी मानेसर थाना प्रभारी सहित तीन पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया है। आरोप है कि थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह, मुंशी रविंद्र और जांच अधिकारी हेड कॉन्स्टेबल सुरेंद्र कुमार शिकायत कर्ता को बार-बार थाना के चक्कर लगवा रहे थे। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर के समक्ष गुहार लगाई। पुलिस कमिश्नर ने तुरंत प्रभाव से तीनों को सस्पेंड कर दिया।दरअसल, बिहार के शाहबाजपुर निवासी राजीव कुमार ने गांव बसई थाना सेक्टर 96 में किराए पर रहता है। वह सेक्टर-4 स्थित एक कंपनी में काम करता है। बीती 8 फरवरी को वह बाइक से ड्यूटी पर गया तो उसकी बाइक चोरी हो गई। राजीव आईएमटी मानेसर थाना के बार-बार थाना के चक्कर काट रहा था, लेकिन उसकी एफआईआर नहीं की गई। हर बार उसे टरकाया गया। परेशान होकर राजीव ने पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा को अपनी व्यथा बताई। पुलिस कमिश्नर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह, मुंशी रविंद्र और जांच अधिकारी हेड कॉन्स्टेबल सुरेंद्र कुमार को सस्पेंड कर दिया।

- बाइक चोरी की शिकायत दर्ज नहीं कर रहे थे

**लापरवाही का सहन नहीं किया जाएगा**

पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा ने कहा कि यदि कोई पुलिस कर्मचारी इस तरह की लापरवाही कर रहा है, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का फर्ज बनता है कि यदि कोई शिकायत लेकर आता है तो उसकी हर तरह से हेल्प की जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं की जाए।

## नारनौल में पिता ने बेटी का बनवारा निकाला


**नारनौल।** समाज में आ रहे बदलाव व महिलाएं आज किसी भी कार्य क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। इसको देखते हुए राजकीय महाविद्यालय में कार्यरत अंग्रेजी विषय के प्रो. नरेश यादव व उनकी पत्नी मनीषा यादव (प्राचार्य राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल हुड़ीना) ने शनिवार रात्रि को अपनी पुत्री डा. गरिमा यादव का लड़कों की तरह घोड़ी पर बैठाकर धूमधाम से बनवारा निकाला। इस मौके पर उनके रिश्तेदार व दोस्त भी मौजूद रहे।


## बैंक कर्मचारी ने महिला के खाते से लाखों निकाले, केस दर्ज

**कैथल।** राजौंद पुलिस ने एक महिला के खाते से लाखों रुपए निकलवाने के आरोप में राजौंद के एचडीएफसी बैंक के कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में राजोंद की महिला वेदों देवी ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसका राजोंद के एचडीएफसी बैंक में खाता है। आरोप है कि 12 अक्टूबर 2024 को एचडीएफसी बैंक के कर्मचारी रवि कुमार ने धोखाधड़ी करते हुए उसे खाते से 122749 की राशि निकालवा ली। इसे लेकर उसने कई बार बैंक अधिकारियों से भी बातचीत की लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुलिस ने हेरोइन सहित युवक को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सीआईए स्टाफ नरवाना पुलिस ने एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से बीस ग्राम हेरोइन बरामद की है। शहर थाना नरवाना पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि एक युवक नरवाना के हिसार रोड के बडनपुर टी प्वायंट पर नशा स्पलाई करने आएगा। सूचना के आधार पुलिस ने बडनपुर टी प्वायंट पर नाकेबंदी कर आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद एक व्यक्ति चमेला कालोनी की तरफ से आता दिखाई दिया। जो पुलिसकर्मियों को देख कर वापस जाने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर व्यक्ति को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से बीस ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति की पहचान चमेला कालोनी निवासी राहुल के रूप में हुई। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर राहुल के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी




**आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए कर्मचारी दो शिफ्टों में दिन-रात करेंगे डयूटी**

# गेहूं कटाई सीजन पर दमकल विभाग अलर्ट पर, कर्मचारियों की छुट्टियां रद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गेहूं के सीजन को देखते हुए दमकल विभाग ने कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। अब कर्मचारी सिर्फ आपातकालीन स्थिति में ही छुट्टी ले सकेंगे। गेहूं का सीजन चलने तक आग लगने की संभावित घटनाओं को देखते हुए विभाग ने यह कदम उठाया है।

### सीजन खत्म होने के बाद ही कर्मी नियमित छुट्टी ले सकेंगे

अब गेहूं का सीजन खत्म होने के बाद ही कर्मचारी नियमति रूप से छुट्टी ले सकेंगे। बता दें कि जिले के दमकलविभाग में करीब 55 कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें से कैथल के दमकल स्टेशन पर 20, पूंडरी में 10, राजौंद में नौ, कलायत व सीवन में आठ-आठ और चीका में 12 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा छह कर्मचारियों को ट्रेनिंग और दो कर्मचारियों को कार्यालय में काम के लिए लगाया गया है सीजन के अलावा अन्य दिनों में आग लगने की इतनी घटनाएं नहीं होती हैं, जिसके चलते कर्मचारी रूटीन में छुट्टी ले लेते हैं। अब विभाग ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि कोई भी कर्मचारी बिना किसी खास वजह के छुट्टी नहीं लेगा। उन्हें दफ्तर में दो शिफ्ट में काम करना होगा, जिसमें हर कर्मचारी को 12-12 घंटे काम करने की ड्यूटी होगी। कर्मचारी दिन-रात विभाग के दफ्तर में तैनात रहेंगे। इसके अलावा जिला दफ्तर के अलावा कस्बों में भी दमकल की गाड़ियां तैनात की गई हैं। वहां भी कर्मचारी इसी तरह काम करेंगे।



**सिर्फ आपात स्थिति में छुट्टी ले सकेंगे**

दमकल केंद्र के जिला अधिकारी गुरमेल सिंह ने बताया कि विभागीय आदेशों के अनुसार कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द की गई हैं। आगामी देशों तक कोई भी कर्मचारी बिना किसी विशेष वजह छुट्टी नहीं ले सकेगा। केवल आपात स्थिति में ही छुट्टी लेने की अनुमति होगी। कर्मचारियों को उनकी ड्यूटी से संबंधित आदेश बता दिए गए हैं।

**अन्नू के चयन पर गांव में मना जश्न**

# रोजखेड़ा की बेटी अन्नू का देश की सीनियर वर्ग हॉकी टीम में चयन

- टीम में चयन के लिए 29 व 30 अप्रैल को बेंगलुरु में लगा था शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

उचाना खंड के गांव रोजखेड़ा की बेटी अन्नू का हॉकी इंडिया वुमेन सीनियर टीम में सिलेक्शन हुआ है। अब अन्नू भारत की टीम में खेलती नजर आएंगी। इससे परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। 29 और 30 मार्च को बेंगलुरु में सीनियर वीमेन हॉकी टीम के सिलेक्शन को लेकर कैंप लगा था। इसमें ट्रायल के बाद दो अप्रैल को इंडिया की टीम की घोषणा की गई।

जिसमें अन्नू को भी जगह मिली। अन्नू ने जूनियर टीम में रहते शानदार प्रदर्शन कियाए जिसके बूते उसका सीनियर में सिलेक्शन हुआ। अन्नू पिछले 15 साल से हॉकी की प्रेक्टिस कर रही हैं। परिवार के लोग चाहते थे कि अन्नू रेसर बने लेकिन अन्नू हॉकी की जादूगर बन गई। जींद जिले के उचाना क्षेत्र के छोटे से गांव रोजखेड़ा की अन्नू अब तक 10 इंटरनेशनल मेडल, 25 नेशनल मेडल, 15 स्टेट मेडल और 10 जिला स्तरीय मेडल जीत चुकी है। पिछले दिनों हुई हॉकी लीग में अन्नू ने गोल्ड मेडल जीता था। अन्नू ने पांचवीं तक की पढाई सिरसा में की और इसी दौरान उसका चयन प्ले फॉर इंडिया के जरिये चयन हुआ। बाद में अन्नू का चयन हिसार स्थित साई में हुआ। इसके बाद अन्नू ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार खेलते हुए हरियाणा जूनियर की कैप्टन बनी। अन्नू के भाई अमन ने बताया कि वह और परिवार के लोग अन्नू को रेसर बनाना चाहते थे लेकिन उसने हॉकी को चुना और आज वह अपनी स्टिक से बॉल कोऐसे घूमाती है कि देखने वाला का सिर घूम जाता है।



